आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 05.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के वरिष्ठ नेताओं की सरकार गठन को लेकर आज शाम नई दिल्ली में बैठक हुई।
- उत्तरकाशी में सहस्त्रताल मार्ग पर खराब मौसम के कारण पांच पर्वतारोहियों की मृत्यु। राहत और बचाव अभियान जारी।
- देश में वर्ष 2023–24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन तीन हजार 288 लाख टन से अधिक होने का अनुमान।
- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बदरीनाथ और केदारनाथ में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

बैठक

राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज कर दिए हैं। 543 सदस्यों वाली लोकसभा के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 292 सीटें मिली हैं। भाजपा ने अकेले 240 सीटें हासिल की हैं। तेलुगु देशम पार्टी को 16 और जनता दल–यूनाईटेड को 12 सीटें मिली हैं। आई.एन डी.आई.ए ने 233 सीटें जीती हैं। अन्य के खाते में 18 सीटें गई हैं। कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें जीती हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 29 और डीएमके ने 22 सीटों पर विजय हासिल की हैं। इस बीच, एनडीए की आज राजधानी दिल्ली में बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार गठन के लिए भावी कार्रवाई पर विचार किया गया। लोक जनशक्ति पार्टी नेता चिराग पासवान ने भी इस बैठक में भाग में हिस्सा लिया। जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने भी एनडीए की बैठक में भाग लेने के लिए अपने निकट सहयोगियों – राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह तथा अन्य सहयोगियों के साथ पटना से नई दिल्ली पहुंचे थे।

इस्तीफा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद के साथ अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंपा। राष्ट्रपति ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया और प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रिपरिषद से नई सरकार बनने तक पद पर बने रहने का अनुरोध किया।

राहत और बचाव अभियान

उत्तरकाशी में कल रात सहस्त्रताल मार्ग पर खराब मौसम के कारण पांच पर्वतारोहियों की मृत्यु हो गई। जिला प्रशासन ने 10 पर्वतारोहियों का सफल रेस्क्यू कर लिया है। अन्य लापता पर्वतारोहियों का राहत व बचाव अभियान जारी है। राज्य आपदा मोचन बल और वायु सेना आज तडके से बचाव और राहत अभियान चला रहे हैं। जिलाधिकारी डॉक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि बचाव अभियान जारी है।
मौसम खराब होने के चलते राहत और बचाव कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तरकाशी जिला अस्पताल और भटवाड़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अलर्ट पर रखते हुए वहां अतिरिक्त एंबुलेंस तैनात की गईं है।

चमोली मत्स्य

चमोली जिले के ल्वांणी गांव में मत्स्य पालन, काश्तकारों की आर्थिक मजबूती का आधार बनने लगा है। चमोली की नदियों में मिलने वाली ट्राउट मछली का स्वाद देशभर के मछली शौकीनों की पहली पसंद रहता है। ल्वांणी गांव के 11 युवाओं ने पांच साल पहले देवभूमि मत्स्यजीवी सहकारिता समिति का गठन किया था। वर्तमान में समिति हर साल 4 से 5 लाख रुपए तक की आय अर्जित कर रही है। स्वरोजगार के इस मॉडल से प्रेरित होकर ल्वांणी के अन्य ग्रामीणों ने 20 ट्राउड रेसवेज स्थापित किए गए हैं। आसपास के गांवों में भी अब मत्स्यपालन को बढ़ावा मिल रहा है। जिला मत्स्य प्रभारी जगदम्बा कुमार के अनुसार जनवरी 2025 से हैचरी से मत्स्य बीज का भी उत्पादन शुरु हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन विभाग की ओर से जिले में 24 मत्स्य जीवी सहकारी समितियां गठित की जा रही हैं।

अनुमान

देश में वर्ष 2023—24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन तीन हजार 288 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी प्रमुख कृषि फसलों के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, चावल का कुल उत्पादन एक हजार 367 लाख टन हो सकता है। वहीं, गेहूं का उत्पादन एक हजार 129 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष की तुलना में 23 लाख टन से अधिक है। तुअर दाल के उत्पादन को लेकर 34 लाख टन का अनुमान रखा गया है। यह पिछले साल के उत्पादन से शून्य दशमलव सात तीन लाख टन अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र, उत्पादन और उपज के इस अग्रिम अनुमान में खरीफ, रबी और गर्मी का मौसम शामिल है। यह अनुमान राज्य कृषि सांख्यिकी प्राधिकरणों से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है।

विश्व पर्यावरण दिवस

आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और पर्यावरण के मुद्दे पर कार्य करने को लेकर मनाया जाता है। पर्यावरण की रक्षा की जागरूकता को लेकर संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में ये एक वैश्विक कार्यक्रम है। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1972 में मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के दौरान की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुद्धा जयंती पार्क में पौधरोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य देशभर में करोड़ों पेड़ लगाने के लिए अनूठा जन आंदोलन बनाना है। इधर, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शासकीय आवास परिसर में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षों को लगाने का आह्वान किया। अपने एक संदेश में श्री धामी ने कहा कि सरकार, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार काम कर रही है। इधर, बदरीनाथ और केदारनाथ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर हिमालय को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया गया। बदरीनाथ—केदारनाथ मंदिर समिति सहित नगर पंचायत, सेना, आईटीबीपी, पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों, जिला प्रशासन, तीर्थयात्रियों और तीर्थ पुरोहितों ने संयुक्त रूप से पर्यावरण बचाने, पौधे लगाने और पॉलिथीन का प्रयोग न करने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री जलसंचय

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल संरक्षण और जल संचय को लेकर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिये सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। गौरतलब है कि 10 से 16 जून तक प्रदेशभर में जल उत्सव सप्ताह व्यापक स्तर पर मनाया जाना है। इसको लेकर देहरादून में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक आधार पर जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए तेजी से कार्य किये जाएं। इसके लिए यूकॉस्ट, यूसर्क एवं जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए कार्य करने वाली अन्य संस्थाओं

का सहयोग भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान को सफल बनाने में जन सहभागिता बहुत अहम होती है। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वनाग्नि के संभावित क्षेत्रों में नियंत्रण के लिए नमी संरक्षण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। चाल–खाल और अमृत सरोवरों के निर्माण में और तेजी लाई जाए।

मौसम/बारिश

प्रदेश में आज मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला। राज्य के कुछ हिस्सों में धूप खिली रही, जबकि कईं स्थानों पर बादल छाए रहे। प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश भी हुई। चमोली, टिहरी, पौड़ी सहित पर्वतीय जिलों में विभिन्न हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश की सूचना है। बागेश्वर जिले में आज शाम तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इसके कारण कुछ मकानों को क्षति पहुंची है। इस बीच, मौसम विभाग ने कल राज्य में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार शुक्रवार से राज्य में मौसम आमतौर पर साफ बना रहेगा।

चमोली शिविर

चमोली के नैनीसेंण में 16 जून को बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव के मुताबिक शिविर राजकीय इंटर कालेज नैनीसैंण कण्डारा में लगेगा। इसमें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज तिवारी व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंकज पुरोहित भी उपस्थित रहेंगे। शिविर में लोगों को विधिक जानकारियों तथा विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा।

क्रिकेट विश्व कप

आईसीसी ट्वंटी–ट्वंटी क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में आज शाम न्यूयार्क में भारत का सामना आयरलैंड से होगा। मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। इससे पहले शनिवार को इसी मैदान पर भारतीय टीम ने अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 60 रन से हराया था।